# ईरान को भारत से उम्मीद, तनाव कम करने में निभा सकता है अहम भूमिका

## भारतीय दूतावास हिंदी सिखाने के लिए निशुल्क कक्षाओं का कर रहा है आयोजन

**अहम भूमिका**

■भारत पहले से ही ईरान, ओमान, कतर यूएई के संपर्क में है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। ईरान के विदेश मंत्री जवाद जरीफ ने बुधवार को कहा कि खाड़ी क्षेत्र में तनाव कम करने में भारत भूमिका निभा सकता है क्योंकि वह एक महत्वपूर्ण पक्ष है। ईरानी मेजर जनरल कासिम सुलेमानी की हत्या के बाद अमेरिका और ईरान के बीच तनाव के बारे में जरीफ का यह बयान आया है। भारत यह कहता रहा है कि वह जल्द से जल्द तनाव कम करने के पक्ष में है। भारत ईरान, संयुक्त अरब अमीरात, ओमान और कतर सहित प्रमुख पक्षों के साथ संपर्क में है, क्योंकि इस क्षेत्र में उसके महत्वपूर्ण हित हैं।

जरीफ ने कहा, 'खाड़ी क्षेत्र में तनाव कम करने में भारत भूमिका निभा सकता है क्योंकि वह एक महत्वपूर्ण पक्ष है।' गौरतलब है कि यूक्रेन इंटरनैशनल एयरलाइंस का बोइंग 737 विमान तेहरान से उड़ान भरने के कुछ समय बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

ईरान द्वारा इराक में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर किए गए मिसाइल हमले के कुछ देर बाद यह विमान हादसा हुआ था। अमेरिकी हवाई हमले में ईरानी जनरल कासिम सुलेमानी की मौत के बाद जवाबी कार्रवाई में ईरान ने इराक में दो अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर बैलिस्टिक मिसाइल हमला किया था।

**यूएस-ईरान में अब तक का सबसे बड़ा तनावः** हमले में हालांकि इन ठिकानों पर कोई घायल नहीं हुआ था। जरीफ ने विमान गिराए जाने को एक भूल करार दिया। सुलेमानी ईरान के अल–कुद्स बल के प्रमुख थे और तीन जनवरी को बगदाद अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के पास अपने काफिले पर हुए अमेरिकी ड्रोन हमले में मारे गए थे। पिछले सप्ताह ईरान ने इराक में दर्जनों मिसाइलें कम से कम उन दो ठिकानों को निशाना बनाकर कर दागीं जहां अमेरिकी सेना और गठबंधन बल हैं। मेजर जनरल सुलेमानी की मौत को दोनों देशों के बीच के अब तक के सबसे बड़े तनाव के रूप में देखा जा रहा है।

**रूसी विदेश मंत्री से भी जरीफ ने की बातः** जवाद जरीफ ने बुधवार को अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव से मुलाकात की और दोनों नेताओं ने खाड़ी में बने हालात पर चर्चा की। जरीफ और सर्गेई भू–राजनीति पर हो रहे भारत के वैश्विक सम्मेलन 'रायसीना डायलॉग' में हिस्सा लेने के लिए भारत आए हैं। यह सम्मेलन ऐसे समय पर हो रहा है जब पूरी दुनिया का ध्यान ईरान के मेजर जनरल कासिम सुलेमानी के मारे जाने के बाद ईरान और अमेरिका के मध्य टकराव पर केंद्रित है। भारत कहता रहा है कि वह चाहेगा कि यथाशीघ्र तनाव घटे।



पीएम मोदी और ईरान के विदेश मंत्री।

## न्यूज डायरी



### इयू के देशों ने ईरान के परमाणु समझौते का पालन नहीं करने के विरोध में प्रक्रिया शुरू की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेरिस। यूरोपीय संघ के तीन देशों ने मंगलवार को एक प्रक्रिया की शुरुआत की जिसमें ईरान पर परमाणु कार्यक्रम को संक्षिप्त करने के 2015 के समझौते का पालन करने में विफल रहने के आरोप लगाए गए हैं। इस पहल से ईरान क्षुब्ध है और बढ़ते तनाव के बीच तेहरान ने चेतावनी दी है। ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी ने कहा कि वे समझौते को लेकर प्रतिबद्ध बने रहे जबकि 2018 में अमेरिका के समझौते के बाहर होने से यह सवालों के घेरे में है। उनके बयान जारी होने के बावजूद ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने संकेत दिए कि वह अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के साथ हुए व्यापक समझौते को प्राथमिकता देंगे न कि 2015 के समझौते को।

### हाफिज ने आतंकवाद संबंधी वित्तीय मदद के मामलों में अपराध स्वीकार नहीं किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लाहौर। मुंबई हमलों के मास्टरमाइंड हाफिज सईद ने आतंकवाद संबंधी वित्तीय मदद के मामलों में अपना अपराध मंगलवार अदालत में स्वीकार नहीं किया। आतंकी समूहों की नकेल कसने के बढ़ते अंतरराष्ट्रीय दबाव के बीच जमात उद दावा के सरगना ने यहां आतंकवाद रोधी अदालत में अपना बयान दर्ज कराया।पाकिस्तान के आतंकवाद रोधी विभाग ने पंजाब प्रांत के विभिन्न शहरों में आतंकवाद के लिए वित्तीय मदद देने के मामलों में सईद और उसके सहयोगियों के खिलाफ 23 प्राथमिकी दर्ज की थीं और उसे 17 जुलाई को गिरफ्तार किया था। उसे लाहौर में कोट लखपत जेल में रखा गया है। सईद के नेतृत्व वाला जमात उद दावा आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा से जुड़ा अग्रणी संगठन माना जाता है। लश्कर ए तैयबा 2008 के मुंबई हमलों का जिम्मेदार माना जाता है जिनमें 166 लोग मारे गए थे।

### ताइवान ने चीन को चेताया, हमला किया तो चुकानी पड़ेगी बड़ी कीमत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ताइपे। ताइवान के राष्ट्रपति साई इंग–वेन ने बुधवार को कहा कि अगर चीन ने उनके देश पर हमला किया तो पेइचिंग उसकी बड़ी कीमत चुकाएगा। वेन ने इसके साथ ही कहा कि चीन को उनके देश के प्रति कठोर रुख के बारे में दोबारा विचार करना चाहिए। उल्लेखनीय है कि साई ने हाल ही में राष्ट्रपति चुनाव जीता है और यह उनका लगातार दूसरा कार्यकाल है। उन्हें रेकॉर्ड 82 लाख मत मिले हैं। चीन ने साई को सत्ता से हटाने की अपनी इच्छा को कभी नहीं छुपाया क्योंकि उनकी पार्टी इस विचार से इनकार करती रही है कि उनका द्वीप देश चीन का हिस्सा है। पेइचिंग ताइवान को अपना क्षेत्र मानता है और उसका संकल्प है कि वह एक दिन उसपर कब्जा कर लेगा चाहे उसे बलप्रयोग ही क्यों न करना पड़े। उधर, मीडिया को दिए अपने साक्षात्कार में साई ने कहा कि उन्हें अपने देश को औपचारिक रूप से आजाद घोषित करने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि यह देश पहले से ही आजाद है।

### अमेरिका में गुरुद्वारे पर स्वास्तिक भित्तिचित्र बनाया गया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिका के कैलीफोर्निया प्रांत में एक नये गुरुद्वारे को एक स्वास्तिक भित्तिचित्र बनाकर विरूपित किया गया है। यह परोक्ष तौर पर नफरत फैलाने वाला अपराध है। पुलिस ने बताया कि यह घटना ओरांगेवले स्थित गुरु मान्यो ग्रंथ गुरुद्वारा साहिब में हुई और पुलिस अधिकारियों ने गुरुद्वारे के ग्रंथी का बयान दर्ज किया है। सोमवार सुबह लोगों ने गुरुद्वारे के दीवार पर शब्द 'व्हाइट पावर' और एक स्वास्तिक का निशान बना हुआ देखा। इसे बाद में हटा दिया गया। इस गुरुद्वारे का एक दिन पहले ही उद्घाटन हुआ था। भारतीय मूल के अमेरिकी कांग्रेस सदस्य ऐमी बोरा ने कहा, ''मैं ओरांगेवले में सिखों के उपासना स्थल पर नस्ली ग्रैफिटी स्प्रे पेंट किये जाने की कड़ी निंदा करता हूं।'' उन्होंने कहा कि कैलीफोर्निया के सातवें कांग्रेस जिले में विविध समुदायों का निवास है और सिख उसका अभिन्न हिस्सा हैं।'सिख अमेरिकन लीगल डिफेंस एंड एजुकेशन फंड' ने एक बयान में गुरुद्वारे पर ग्रैफिटी बनाये जाने की निंदा की।

## यूएन के विमानन विशेषज्ञ अब यूक्रेन विमान दुर्घटना मामले की जांच में करेंगे मदद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र का विमानन प्रहरी संगठन ईरान में दुर्घटनाग्रस्त हुए यूक्रेनी विमान के मामले की जांच में अब सहयोग करेगा। कीव जा रहा यूक्रेन का पीएस752 विमान पिछले सप्ताह तेहरान से उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हादसे में चालक दल के सदस्य सहित 176 लोग मारे गए थे, जिनमें अधिकतर ईरानी और कनाडाई नागरिक थे।

**ईरानी बलों ने दलती से विमान को बनाया निशाना** ईरान ने पिछले शनिवार को कहा था कि अपने जनरल कासिम सुलेमानी की हत्या का बदला लेने के लिए अमेरिकी वायुसेना अड्डों को निशाना बनाने के कुछ ही देर बाद उसने दुर्घटनावश यूक्रेन के विमान को निशाना बना दिया। ईरान ने मंगलवार को घोषणा की थी कि यूक्रेन के एक विमान को मार गिराने के मामले में पहली गिरफ्तारी हुई है। ईरान ने यूक्रेन विमान दुर्घटना जांच में सहयोग के लिए संयुक्त राष्ट्र से मदद मांगी थी। आईसीएओ ने एक बयान में कहा कि जांच में सहयोग की ईरान की मांग मान ली गई है। बयान में कहा गया कि आईसीएओ ने वरिष्ठ एवं विशेषज्ञ तकनीकी स्टाफ नियुक्त किया है, जो जांच में सलाहकार और पर्यवेक्षक की भूमिका निभाएंगे।



**अमेरिका के वैज्ञानिकों ने बनाया पहला जीवित रोबॉट**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका के वैज्ञानिकों ने पहली बार जीवित रोबॉट बनाया है। इस रोबॉट को जिंदा होने के श्रेणी में रखा जा सकता है। इन्हें एक्सनोबॉट भी कहा जा रहा है। वैज्ञानिकों के एक ग्रुप ने मेंढक भ्रूण की जीवित कोशिकाओं को अन्य नए जीवन–रूपों के तौर पर इस्तेमाल करने में सफलता पाई है। इस रोबॉट को श्जीवित प्रोग्राम करने लायक जीवश के तौर पर बताया जा रहा है। इस नए बनाए रोबॉट को श्एक्सनोबॉट्सश का नाम भी दिया गया है। इसका प्रयोग मेडिकल साइंस के क्षेत्र में किया जा सकता है है। रोबॉट के जरिए यह रोगी के शरीर के अंदर दवा ले जाने या इस तरह के अन्य काम समान कार्य करने में भी मदद कर सकते हैं।

# पाकिस्तान में भारी बर्फबारी बारिश से करीब 100 की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में भारी बर्फबारी और मूसलाधार बारिश के कारण हुए हिमस्खलन तथा भूस्खलन की घटनाओं में महिलाओं और बच्चों समेत 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कड़ाके की ठंड और खराब मौसम ने देश भर में लोगों के लिए काफी मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। सड़क यातायात और संचार सेवाएं गंभीर रूप से प्रभावित हुई हैं।

अधिकारियों के अनुसार कई इलाकों में शीतलहर से जनजीवन ठप हो गया और देशभर में करीब 100 लोगों की मौत हो गई है।

**42 घायलों को बचाव दलों ने अस्पताल में कराया भर्ती**

रेडियो पाकिस्तान की खबर के अनुसार पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में स्थित नीलम घाटी में पिछले 24 घंटे में आए हिमस्खलन से पंद्रह गांव प्रभावित हुए। इस आपदा में 45 घर पूरी तरह तबाह हो गए, कम से कम 57 लोगों की मौत हो गई और कई लापता हैं। बचाव दलों ने 42 घायलों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया है। आपदा के कारण सड़कें अवरुद्ध होने के चलते अधिकारियों को पीड़ितों तक पहुंचने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। बलूचिस्तान सरकार के लियाकत शाहवानी ने बताया कि बलूचिस्तान में बारिश और बर्फबारी की घटनाओं में 20 लोगों की मौत हो गई।

**बलूचिस्तान में भीषण बर्फीला तूफानः** बलूचिस्तान के विभिन्न हिस्सों में भीषण बर्फीले तूफान से सोमवार को खराब मौसम में महिलाओं और बच्चों समेत सैकड़ों यात्री फंस गए थे।

राहत, आपदा और सिविल रक्षा मंत्री सैयद शाहिद मोहिद्दीन कादरी ने डॉन अखबार को बताया कि ऊंचे इलाकों में भारी बर्फबारी और बारिश से कई सड़कें अवरुद्ध हो गईं। खबर में बताया गया है कि मूसलाधार बारिश से सियालकोट, गुजरात और पंजाब के कुछ अन्य शहरों के निचले इलाकों में बाढ़ आ गई।

### लंदन के रेस्तरां में दिखे नवाज, विपक्ष ने मेडिकल टूर पर उठाया सवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की एक तस्वीर वायरल हुई है जिसमें वह अपने परिवार के सदस्यों के साथ लंदन के एक रेस्तरां में बैठे हैं। उनकी इस तस्वीर के बाद विपक्ष ने उनके स्वास्थ्य को लेकर सवाल किया है। बीमार चल रहे शरीफ (69) को इलाज के लिए 19 नवंबर को एयर ऐम्बुलेंस से लंदन ले जाया गया था। उसके एक महीने पहले उन्हें अदालत से जमानत मिली थी। वह भ्रष्टाचार के एक मामले में सात साल की जेल की सजा काट रहे थे। शरीफ हार्ट सहित कई रोगों से पीड़ित हैं। सोमवार को लीक हुई तस्वीर में शरीफ अपने पुत्र हसन, पीएमएल–एन के अध्यक्ष शाहबाज शरीफ, उनके बेटे सलमान और पूर्व वित्त मंत्री इशाक डार के साथ एक रेस्तरां में बैठे दिखाई दे रहे हैं। हालांकि, इस तस्वीर में उनका चेहरा साफ नहीं दिख रहा है। संघीय विज्ञान मंत्री फवाद चौधरी ने लीक तस्वीर को अपने ट्विटर अकाउंट पर अपलोड किया और व्यंग्यात्मक टिप्पणी करते हुए निशाना साधा। समाचार पत्र डॉन के अनुसार इस्लामाबाद में प्रधानमंत्री इमरान खान की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में इस तस्वीर पर भी चर्चा हुई।